राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी– भरतपुर

क्रमांक कोविड/2021/ 401 दिनांक 20-05-21

विज्ञप्ति

प्रदेश में कोविड–19 से उत्पन्न वर्तमान परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा संक्रमण की श्रृंखला को तोडने, कोविड से संक्रमित मरीजों को समुचित उपचार, चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध कराने तथा मृत्यु दर को न्यूनतम किये जाने के हेतु जिले में संचालित घर–घर सर्वे एवं दवाई वितरण के कार्य को गति प्रदान करने के दृष्टिकोण से **"कोविड हैल्थ कन्सलटेंट एवं कोविड स्वास्थ्य सहायक"** को 31 जुलाई 2021 तक चयन/मनोनयन किया जाना है। जिनका विवरण निम्नानुसार है–

क्र0सं0	पदनाम	पद संख्या	विवरण
1.	**कोविड हैल्थ कन्सलटेंट**	35	**न्यूनतम योग्यता–** एमबीबीएस एवं राजस्थान मेडिकल काउन्सिल में पंजीकरण अनिवार्य (पीजी/एमडी–मेडिसन एवं एनेस्थिसिया वाले को प्राथमिकता) **मानदेय–** 39300/– प्रतिमाह
2.	**कोविड स्वास्थ्य सहायक**	प्रत्येक ग्राम पंचायत पर एक पद, पीएचसी पर–2, सीएचसी पर –3 तथा शहरी क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड हेतु –2	**न्यूनतम योग्यता–** नर्स ग्रेड द्वितीय/ जीएनएम व आरएनसी में पंजीकरण अनिवार्य **मानदेय–** 7900/– प्रतिमाह
• ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। • **कार्य–** कोविड हैल्थ कन्सलटेंट एवं कोविड स्वास्थ्य सहायक संबंधित ग्राम पंचायत में कोविड–19 के बारे में गांव की जनता को संक्रमण रोकने तथा घर–घर सर्वे कर आमजन को जागरूक करने एवं चिन्हित मरीजों को दवा वितरण तथा संक्रमण की रोकथाम एवं दिये गए अन्य उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।			

- इच्छुक योग्य अभ्यर्थी दिनांक **21.05.21** से bharatpur.rajasthan.gov.in पर भर्ती हेतु दिये गए गूगल लिंक के माध्यम से दिनांक 25.05.2021 समय सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। गूगल फार्म भरने के बाद आवेदन फार्म एवं दस्तावेज की प्रतिलिपि कार्यालय में जमा कराने की आवश्यकता नहीं है।
- उक्त पदों में वृद्धि/कमी चयन समिति द्वारा की जा सकती है। चयन के सम्बन्ध में समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
- चयन एवं नियोजन हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय भरतपुर, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर तथा संबंधित खण्ड के कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नोटिस बोर्ड पर नियम एवं शर्ते देखी जा सकती हैं।
- जिन भ्यर्थियों ने हाल ही में यूटीबी बेस पर चिकित्सक/जीएनएम पदों हेतु आवेदन किया था, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उनके पूर्व में किये गये आवेदन ही स्वीकार कर लिये जावेंगे। नवीन अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।
- जिन अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होना है उनकी सूची bharatpur.rajasthan.gov.in पर दिनांक 28.05.2021 को देखी जा सकती है। दस्तावेज सत्यापन निम्नानुसार होगा–
  कोविड हैल्थ कन्सलटेंट– दिनांक 29.05.2021
  कोविड स्वास्थ्य सहायक– दिनांक 30.05.2021 से 31.05.2021 तक

(डॉ0 कप्तान सिंह)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर

क्रमांक कोविड/2021/ 401 दिनांक 20.05.2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, भरतपुर
2. श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदया भरतपुर
3. सम्पादक दैनिक भास्कर एवं राजस्थान पत्रिका को प्रति भेजकर लेख है कि उक्त निविदा को समाचार पत्र के स्थानीय संस्करण (भरतपुर पत्रिका एवं भरतपुर भास्कर) में न्यूनतम स्पेस में डीपीआईआर की दरों पर आगामी अंक में प्रकाशित करवाने का श्रम करावे।
4. खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी समस्त खण्ड को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
5. नोटिस बोर्ड कलक्ट्रेट कार्यालय/ जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय/ जोन भरतपुर कार्यालय/कार्यालय हाजा/खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय।

(डॉ0 कप्तान सिंह)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर